पत्र संख्या-स्था-5(ग)-सामान्य पदोन्नति वै0सहा0 ग्रेड-2 (2019-20)// 664 //वाणिज्य कर

कार्यालय कमिश्नर, वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश।

(स्थापना अराज0 अनुभाग)

लखनऊ :: दिनॉक 30 जून, 2020

आदेश

निम्नलिखित तालिका के स्तम्भ 3 में उल्लिखित आशुलिपिक वेतन बैण्ड रुपया 5200-20200 ग्रेड वेतन 2800/- को कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से वैयक्तिक सहायक ग्रेड-2 वेतनमान 9300-34800 ग्रेड वेतन 4200/- के पद पर उनके नाम के सम्मुख स्तम्भ-6 में अंकित चयन वर्ष के लिए पदोन्नत करते हुए उन्हें उनके वर्तमान तैनाती स्थान/कार्यालय में तैनात किया जाता है:-

क्रमांक	ज्येष्ठता क्रमांक	कर्मचारी का नाम सर्वश्री	पिता/ पति का नाम सर्वश्री	वर्तमान तैनाती का जोन/सम्भाग	चयन वर्ष
01	02	03	04	05	06
1	550	प्रियंका दूबे	वरुण कुमार दूबे	प्रयागराज	2019-20
2	551	रविकान्त मिश्रा	स्व0 एस0सी0 मिश्रा	प्रयागराज	2019-20
3	552	संतोष कुमार रावत	प्यारे लाल रावत	लखनऊ	2019-20
4	553	कु0 रितु अग्रवाल	स्व0 नरेश अग्रवाल	झांसी	2019-20

2. सम्बन्धित जोनल/सम्भागीय अधिकारियों को निर्देशित किया जाता है कि उक्त पदोन्नत होने वाले कर्मचारियों को पदोन्नति के पद पर प्रत्येक दशा में दिनांक 06-7-2020 तक कार्यभार ग्रहण कराना सुनिश्चित करें।

3. सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये जाते हैं कि उक्त पदोन्नत किये गये कर्मचारियों में से यदि किन्हीं कारणों से पदोन्नति के पद पर कोई कर्मचारी कार्यभार ग्रहण करने का इच्छुक न हो तो इस सम्बन्ध में वह अपना लिखित अनुरोध पत्र सम्भागीय अधिकारी के माध्यम से प्रत्येक दशा में दिनांक 15-07-2020 तक मुख्यालय को प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

4. सम्बन्धित कार्यालयाध्यक्ष/ जोनल अधिकारी/ सम्भागीय अधिकारी यह अवश्य सुनिश्चित कर लें कि उपरोक्त पदोन्नत कर्मचारियों में से यदि किसी कर्मचारी के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही चल रही हो अथवा प्रस्तावित हो/ सतर्कता जांच आदि चल रही हो अथवा सत्यनिष्ठा संदिग्ध की गयी हो व कोई दण्डादेश निर्गत किया गया है तो ऐसे कर्मचारी पर यह पदोन्नति आदेश लागू नहीं होगा और सम्बन्धित कर्मचारी पर यह पदोन्नति आदेश **क्रियान्वित न कराया जाय अपितु इसकी सूचना अर्द्धशासकीय पत्र के माध्यम से मुख्यालय को तुरन्त उपलब्ध करायी जाय।**

5. वर्तमान समय में यदि कोई कर्मचारी उसके नाम के सम्मुख स्तम्भ-05 में दर्शित कार्यालय/ स्थान के अतिरिक्त अन्य किसी कार्यालय/ स्थान पर कार्यरत हो तो उसकी वर्तमान तैनाती का स्थान तद्नुसार संशोधित माना जाए। सम्बन्धित जोनल/ सम्भागीय अधिकारी अपने स्तर से सम्बन्धित कर्मचारियों को उक्त पदोन्नति आदेश की प्रति तुरन्त तामील कराना सुनिश्चित करें।

ह0/-

(सुधा वर्मा)
एडीशनल कमिश्नर, वाणिज्य कर
प्रभार-एडीशनल कमिश्नर (प्रशासन) वाणिज्य कर,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

पृष्ठांकन पत्र संख्या एवं दिनांक उक्त।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. वरिष्ठ स्टाफ अधिकारी (प्रथम) वाणिज्य कर, मुख्यालय को कमिश्नर महोदया के अवलोकनार्थ।

2. एडीशनल कमिश्नर ग्रेड-1 वाणिज्य कर, लखनऊ जोन-प्रथम/द्वितीय/प्रयागराज/झांसी।
3. ज्वाइन्ट कमिश्नर (कार्यपालक) वाणिज्य कर, प्रयागराज/लखनऊ सम्भाग-ए/बी/सी/ झांसी।
4. ज्वाइन्ट कमिश्नर (आई0टी0) वाणिज्य कर, मुख्यालय लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि आदेश की एक प्रति विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करवाने का कष्ट करें।
5. आहरण वितरण अधिकारी, वाणिज्य कर, प्रयागराज/ लखनऊ/ झांसी।
6. मुख्य/ वरिष्ठ कोषाधिकारी, प्रयागराज/ लखनऊ/ झांसी।
7. सम्बन्धित कर्मचारियों को नाम से।
8. स्था-6 सामान्य पटल, वाणिज्य कर, मुख्यालय, लखनऊ।
9. चरित्र पंजिका सेल, वाणिज्य कर, मुख्यालय।

(पी0एन0 सिंह)
डिप्टी कमिश्नर (स्था0 अराज0) वाणिज्य कर,
मुख्यालय, लखनऊ।